हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री


12 बीएसएनएल की दमदार दावेदारी





13 मेचका थाना से रेस्ट हाउस मार्ग में जगह जगह गड्ढे




## ख़बर संक्षेप

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार चारामा क्षेत्र की एक युवती का 2019 से केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहलई निवासी शैलेन्द्र कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से कई बार दुष्कर्म किया। दो दिन पहले आरोपी ने युवती को धमतरी बुलाकर फिर दुष्कर्म किया। युवती द्वारा शादी के लिये बोलने पर युवक मुकर गया। युवती को धमतरी में ही छोड़कर युवक अपने घर ग्राम मोहलई चला गया। पीड़ित युवती ने सिटी कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे पकड़ने उसके गांव मोहलई रवाना हुई। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

### कहानी- दादी घर जाबो का प्रसारण 15 को

**मगरलोड।** ग्राम डाभा निवासी भोलाराम सिन्हा शिक्षक, युवा कहानीकार की कहानी 'दादी घर जाबो' बच्चों का प्रसिद्ध कार्यक्रम बाल वाटिका में 15 मई को सुबह 8.30 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारण होगा। श्री सिन्हा ने बताया कि इस बाल कहानी में पढ़ाई-लिखाई ,गांव व खेलों के महत्व को बताया गया है। बच्चों को बाल-पत्रिका पढ़ने , कविता, कहानी लिखने के लिए प्रेरित किया गया है।इस कहानी में लीना को अपनी दादी गांव बहुत पसंद है। वह गर्मी की छुट्टी में अपनी दादी के घर आती है। श्री सिन्हा के अनुसार बाल कहानियां बच्चों में आत्मविश्वास एवं सृजनशीलता बढ़ाती है।



### बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट चल रहा है हाउसफुल, सैर-सपाटे के लिए ई-रिक्शा की मांग

# समर सीजन में गंगरेल का मिनी गोवा गुलजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समर सीजन में पर्यटकों को गंगरेल का मिनी गोवा खूब भा रहा है। यहां के वाटरबाइक, हाउसबोट, स्पीडबोट जमकर फर्राटे भर रहे हैं। बनारस, बचेली, रायपुर, महासमुंद, भिलाई सहित विभिन्न शहरों से पहुंचे सैलानियों ने वाटर स्पोर्ट्स का जमकर आनंद उठाया। इधर बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के समर आफर से सैलानी आकर्षित हो रहे हैं।

रविवार को 40 डिग्री तापमान में गंगरेल का मिनी गोवा गुलजार रहा। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों ने जेस्की, स्पीडबोट, हाउसबोट सहित अन्य वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाया। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी मुकेश ने बताया कि रविवार को बनारस, बचेली सहित प्रदेश के अनेक शहरों से सैलानी गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंचे। जहां मिनी गोवा के विभिन्न एक्टीविटीज का इंज्वाय किया। महासमुंद के राकेश ठाकुर, महेंद्र सिमौर ने कहा कि प्रदेश में गंगरेल पर्यटन का विशिष्ट स्थान है। यहां विकास की अनेक संभावनाएं हैं। उनका कहना है कि गंगरेल पर्यटन में मचान हट, एडवेंचर गार्डन के अलावा मां अंगारमोती का धार्मिक स्थल है। वाहन पार्किंग के बाद सभी पर्यटन पैकेज के सैर सपाटे के लिए पैदल चलना पड़ता है। बांध की बनावट को भी पर्यटक करीब से देखना चाहते हैं जो बिना गाइड और आवागमन सुविधा से संभव नहीं है। इसके लिए शासन- प्रशासन को ई रिक्शा के साथ गाइड की सुविधा देनी चाहिए।

### दो हजार रुपए की छूट

गंगरेल पर्यटन में पर्यटन विभाग का बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट, वुडन काटेज तथा स्वीच टैंट पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। जलाशय के सामने नाइट बिताने और रेस्टोरेंट का लजीज व्यंजन पर्यटकों को खूब पसंद है।
रिसोर्ट के मैनेजर श्रीराम ने बताया कि बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में समर आफर चल रहा है। शनिवार तथा रविवार को छोड़कर सोमवार से शुक्रवार तक 2000 रुपए की छूट है। आफर 15 जून तक चलेगा। आफर में वुडन काटेज का चार्ज 4000 रूपये प्लस जीएसटी तथा स्वीच टैंट का चार्ज 2000 रुपये प्लस जीएसटी लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वीकेंड में 70 से 80 प्रतिशत तथा अन्य दिनों में 40 प्रतिशत रिसोर्ट बुक चल रहे हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुल से गुजर रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम करेली बड़ी निवासी नारायण साहू पिता रामलाल उम्र 40 वर्ष रविवार की सुबह गांव में स्थित पुल से होते हुए पैदल कहीं जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



■ करेली बड़ी पुल के पास हुई घटना

# तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक के परखच्चे उड़े

■ बाइक में सवार दो युवक घायल, रूद्री रोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





नशे में धुत्त कार चालक ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं सवार दो लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम बाइक क्रमांक सीजी 05 एस 5208 में दो लोग सवार होकर रूद्री रोड से होते हुए धमतरी की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 05 एक्यू 5233 के चालक ने रांग साइड पर जाकर रूद्री रोड स्थित साईं ढाबा के पास बाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार दूर जा गिरे, वहीं बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक को ठोकर मारने के बाद कार चालक मौके से भाग गया। चालक को कार सहित भागते देख कुछ लोगों ने उसका पीछा किया, लेकिन चालक ने पीछा कर रहे लोगों को कार से ठोकने का प्रयास किया। इसके बाद भी लोगों ने कार का पीछा नहीं छोड़ा और लगातार उसका पीछा करते रहे। आगे भाग रही कार दुलारी नगर गली नंबर 01 में प्रवेश कर अपने घर के सामने रूक गई। चालक नशे की हालत में कार से उतरा और अपने घर में जाकर सो गया। चालक का नाम हितेंद्र सोनबेर बताया जा रहा है। वहीं घायल बाइक सवारों को तत्काल नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवारों के नाम अनिल कुमार वर्मा व मयंक केशरवानी दोनों दुलारी नगर गली नंबर 02 निवासी बताए जा रहे हैं। मामला सिटी कोतवाली का होने के कारण थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस उक्त कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


# मामूली बात पर नाबालिग ने युवक को चाकू मारा

■ गोपालपुरी की घटना, घायल का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मामूली बात पर एक नाबालिग ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के पैर में चोट लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरी निवासी उमेश कुमार ध्रुव पिता देवनारायण उम्र 25 वर्ष शनिवार की रात्रि खाना खाकर गांव में टहलने निकला था। इसी दौरान गांव का एक नाबालिग किशोर साइकिल चलाते वहां से गुजर रहा था। मजाक करते उमेश उसकी साइकिल के पीछे में बैठ गया। इससे नाबालिग डर गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। उमेश ने नाबालिग पर हाथ उठा दिया। गुस्से से तमतमाया नाबालिग अपने घर गया और सब्जी काटने का चाकू लेकर वापस पहुंचा । नाबालिग ने उमेश की दायीं जांघ में चाकू से हमला कर दिया।

घटना में युवक घायल हो गया। नमेश साहू व पप्पू साहू ने घायल को उपचार के लिये तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।






### मौसम नहीं खुलने से बढ़ी समस्या, अब मानसून भी बढ़ रहा आगे

# खेतों में बिछी फसल, कटाई के लिए किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लगातार खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। खराब मौसम के चलते अधिकांश किसान फसल की कटाई नहीं कर पाए हैं। अब तो मानसून की सुगबुगाहट भी शुरू हो रही है। ऐसे में किसान चिंतित हैं। यदि अभी मौसम नहीं खुलता है तो वे फसल की कटाई मिंजाई ही नहीं कर पाएंगे।

अंचल में पिछले करीब 15 दिनों से मौसम खराब चल रहा है। अभी भी पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में अपनी धुरी के साथ समुद्र तल से 5.8 किमी उपर मोटे तौर पर देशांतर 71 डिग्री पूर्व से अक्षांश 28 डिग्री उत्तर के उत्तर में चल रहा है। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर असम और उसके आसपास के क्षेत्रों के उतार चक्रवात परिसंचरण बांग्लादेश, गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी उपर एक द्रोणिका बनी हुई है। इनके असर से आसमान पर बादल छाए हुए हैं। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की आशंका है। मेघ गर्जना के साथ 40-50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। आगामी दो से तीन दिनों तक मौसम खराब रह सकता है।

उधर मौसम की मार से लगातार किसानों की हालत खराब हो रही है। चाहकर भी वे धान की कटाई और मिंजाई नहीं कर पाए हैं। जिन्होंने हार्वेस्टर से मिंजाई करा ली है वे भी धान सुखाने के लिए खुले में रखे थे। वह भी बारिश से भीग गया। इसे सुखाने में किसानों को काफी मेहनत करनी पड़ी। अभी भी किसान खराब मौसम के बाद भी हार्वेस्टर से मिंजाई कर रहे हैं।

### मौसम खुलने का इंतजार

इस बार शुरू से मौसम खराब चल रहा है जिसके चलते किसानों का धान जमीन पर चटाई की तरह बिछ गया है। ऐसे में हार्वेस्टर से कटाई में काफी नुकसान होने की आशंका है। हार्वेस्टर से खड़ी फसल की कटाई अच्छे से होती है। बिछी हुई फसल में धान झड़ जाता है। यही नहीं धान के जो पौधे को मशीन काट नहीं पाती है वह मशीन के नीचे आकर जमीन में दब जाते हैं। नुकसान से बचने के लिए अधिकांश किसान हाथ से कटाई और थ्रेसर से मिंजाई करने के लिए मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मौसम खुलने का नाम नहीं ले रहा है।

### मानसून की सुगबुगाहट शुरू

आमतौर पर जिले में 15 जून को मानसून प्रवेश करता है लेकिन इस साल मानसून के जल्द आने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून के 13 मई के आसपास अंडमान सागर, दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह की ओर बढ़ने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों में दक्षिणी अरब सागर, मालदीव और कोमीरन के कुछ हिस्सों, दक्षिणी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों , पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। 27 जून तक केरल तक पहुंचने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### चालीसवें खान सुरक्षा पखवाड़ा में हासिल किए गए 9 पुरस्कार

**दुर्गुकोंदल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित गोयल ग्रुप की लौह अयस्क खदान को चालीसवें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में 9 पुरस्कार प्राप्त हुए। 9 श्रेणियों माइन प्लान, दस्तावेज रिकार्ड,ट्रेनिंग एवं सुरक्षा प्रोग्राम, सुरक्षा प्रबंधन एव पब्लिसिटी प्रोपोगंडा में प्रथम तीन श्रेणियों जैसे कि जनरल वर्किंग, स्वास्थ्य एवं वेलफेयर एमिनिटीज व ओवरऑल में द्वितीय एवं एक्सप्लोसिव प्रयोग में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए गोयल ग्रुप के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हाईस्कूल आमागढ़ के 10 वीं का रहा परिणाम शत प्रतिशत

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत हाई स्कूल आमागढ़ का हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष शाला से कुल 16 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से 8 बच्चे प्रथम श्रेणी से और 8 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाला से छात्र अविनाश कुमार गावड़े ने 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, पूनम 85.66 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही एवं सोमसिंह 84.16 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### घर के सामने शराब पीने की दी जगह, हुई कार्रवाई

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने 11 मई को दोपहर करीबन 1 बजे छापामार कार्रवाई करते हुए संजयपारा चौगेल में आरोपी के घर दबिश दिया और आरोपी 36 वर्षीय संजू विश्वकर्मा पिता दिनेश विश्वकर्मा को पकड़ा। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले व्यक्ति इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की 2 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रुपए एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### युवक की मौत का कारण अज्ञात, विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 33 उदयपुर निवासी 34 वर्षीय विपुल विश्वास का 16 मई को शाम साढ़े 4 बजे मौत हो गई। थाना गोलबाजार रायपुर से बिना नंबरी मर्ग डायरी थाना पखांजुर में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुशासन त्यौहार में कोड़ेकुर्से में 14 को लगाया जाएगा शिविर

**दुर्गूकोंदल।** आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विकासखंड दुर्गूकोंदल में सुशासन त्योहार का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोदल के अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी में 14 मई को सुशासन त्यौहार शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत क्लस्टर ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम पंचायतों कोड़ेकुर्से, करकापाल, सुरुगदोह, साधुमिचगांव, कोड़े, हामतवाही, चिखली, मंगहूर, पचागी, सराधुघमरे, ओटेकसा, गुदुम, कराची, कोडरूज गोडपाल, चाऊरगाव के ग्रामीण जनप्रतिनिधि क्षेत्रवार शामिल होंगे।

## टू जी, थ्री जी की दर पर फोर जी स्पीड, लगे कई टॉवर

# बीएसएनएल की दमदार दावेदारी




### वनांचल में 6 और नए टॉवर पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खुद को अपग्रेड करते हुए बीएसएनएल ने 4जी की सुविधा शुरू कर दी है। अब बीएसएसएनएल अपने ग्राहकों को काफी कम दर पर अच्छा इंटरनेट स्पीड दे रहा है। इसका असर यह हुआ कि है कि लोग अन्य कम्पनियों को छोड़कर बीएसएनएल का कनेक्शन ले रहे हैं।

एक समय था जब लोग बीएसएनएल के नेटवर्क पर सबसे ज्यादा भरोसा करते थे। प्राइवेट कम्पनियों ने इंटरनेट का ऐसा जाल बिछाया कि बीएसएनएल पीछे रह गई। लंबे समय तक बीएसएनएल खुद को अपग्रेड नहीं कर पाई और लोगों का भरोसा उठता गया। कुछ ही ग्राहक बीएसएनएन के नेटवर्क का यूज करते थे। समय की मांग को देखते हुए एक बार फिर बीएसएनएल मार्केट में दौड़ने के लिए तैयार हो चुकी है। 7 नए टॉवर लगाने के साथ बीएसएनएल ने 4 जी सेवा शुरू कर दी है। इसके साथ ही ग्राहकों को अच्छी इंटरनेट स्पीड मिलने लगी है। खास बात यह है कि यह सेवा 2जी और 3जी की दर पर ग्राहकों को दी जा रही है। कीमत कम होने के कारण अब लोगों का रूझान बीएसएनएल की ओर बढ़ा है। उपभोक्ताओं को नया 4 जी सिम दिया जा रहा है। यही नहीं वनांचल में 6 और नए टॉवर लगाने की तैयारी चल रही है। ये टॉवर वन विभाग की जमीन पर लगाए जा रहे हैं। इन टॉवरों की स्थापना के बाद वनांचल में भी बीएसएनएल का दबदबा होगा।

#### इस कारण बढ़ रहा भरोसा

कई कम्पनियों ने 4 जी के बाद 5 जी लांच कर दिया है। अच्छी सेवा देने के साथ उन्होंने टेरिफ प्लान भी बढ़ा दिया है। लोगों को इंटरनेट की आदत सी पड़ गई है, जिसके चलते वे अधिक दर पर भी इंटरनेट चला रहे थे। इस बीच बीएसएनएल ने सस्ती दर पर 4जी लांच कर दिया है। सस्ते में अच्छी कनेक्टिविटी मिलने से लोग इस कम्पनी की ओर रूख कर रहे हैं। यही नहीं अभी भी अधिकांश उपभोक्ता 4 जी मोबाइल ही उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में 5जी नेटवर्क उनके काम का ही नहीं है। ऐसे उपभोक्ता तो सस्ता वाला 4 जी नेटवर्क को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

#### स्वदेशी उपकरणों का कमाल

अपने आप को अपग्रेड करने और इंटरनेट स्पीड बढ़ाने के लिए बीएसएनएल इंपोर्टेड उपकरणों पर निर्भर नहीं है। बीएसएनएल ने इस कार्य के लिए भारत में बने देशी उपकरणों का उपयोग किया है। ये उपकरण इंपोर्टेड उपकरणों से ज्यादा बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। ऑफिस से लेकर टॉवरों में सभी स्थानों पर देशी उपकरणों का उपयोग किया गया है।

# भैंसबोड़ में शिव महापुराण कथा 13 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति एवं गंजीर परिवार के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 13 से 19 मई तक किया गया है। कथा का प्रारंभ 13 अप्रैल को कलश यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी पूजन, पुराण महात्मय से होगा। 14 अप्रैल को सृष्टि वर्णन, लिंग उत्पत्ति, पार्थिव पूजन विधि, 15 अप्रैल को सती जन्म, सती मंगल, राम कथा, दक्ष यज्ञ विध्वंस,16 अप्रैल को गंगोत्पत्ति, पार्वती जन्म, कामदेव चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 17 अप्रैल को तारकासुर वध, बाणासुर प्रसंग, जालंधर वध, 18 अप्रैल को शिव के विविध अवतार वर्णन एवं ज्योतिर्लिंगों की कथा, कथा विश्राम एवं बिल्व वर्षा एवं 19 अप्रैल को श्री राम गीता, कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा यज्ञ, पूर्णाहुति एवं अन्न संत तर्पणम की कथा होगी। कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर देवभोग जिला गरियाबंद छग होंगे। कथा दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष लोकेश गंजीर ने बताया कि आयोजन की तैयारी में समिति के उपाध्यक्ष तुकेश्वर नेताम, संरक्षक श्रवण कमलवंशी, केदार, नरसिंग, रूपराम, लोकेश, धर्मेन्द्र, लीलाधर, अरुण, विजय, गणेश, टीकम, परमेश्वर, भूपेंद्र, टिकेश्वर, दीनू, भोजराज, बीरेंद्र, डोमार, पंचू यादव समेत सरपंच गंगा संतराम साहू, उपसरपंच नागेश साहू, महेन्द्र दावाना, होमद्र साहू, भुनेश्वर साहू, गणेश साहू, दुलरवा साहू, डा.बसंत साहू जुटे हैं।



■ कथावाचक पं. युवराज पाण्डेय अमलीपदर होंगे

आयोजक समिति ने लगभग 8 से 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की है। पंडित जी का आगमन 13 अप्रैल को होगा। सुबह 9 बजे महाराज जी के स्वागत में कल्ले से भैंसबोड़ तक युवाओं द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। कथा प्रारम्भ के पूर्व गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी। माताएं पीले रंग की साड़ी में कलश यात्रा में शामिल होंगी।

# मातृ दिवस पर हुआ नगर पंचायत नगरी में वाटर कूलर का शुभारंभ

■ बस स्टैंड पर प्यासों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था, मातृशक्तियों ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 7 स्थित बस स्टैंड में मातृ दिवस पर वाटर कूलर का लोकार्पण नगर की मातृशक्ति कुमारीबाई देवांगन, मंगलाबाई जैन एवं श्रीमती कुंतीबाई सार्व ने किया। इससे पूर्व बस स्टैंड परिसर में स्थापित पानी टंकी का नवीनीकरण कर उसे आकर्षक 3 डी पेंटिंग से सजाया गया। इन चित्रों के माध्यम से जल ही जीवन है और पानी बचाओ जैसे प्रेरणादायक संदेश दिए गए, जिससे आम नागरिकों में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। कार्यक्रम का उद्देश्य बस स्टैंड पर आने-जाने वाले राहगीरों और यात्रियों के लिए गर्मी में शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही चित्रकारी के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल संसाधनों के प्रति सम्मान का संदेश भी प्रसारित किया गया।

इस समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा, पार्षदगण राजा पवार, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, विनीता कोठारी, डगेश्वरी, योगेश साहू, अश्वनी निषाद, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, शंकर देव, प्रतीक जैन, विराज बोहरा सहित नगर पंचायत के कर्मचारीग उपस्थित थे। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मातृ दिवस को समर्पित एक उत्कृष्ट सामाजिक कार्य बताया।

### हाईस्कूल चटौद में खुशी रही प्रथम

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद की छात्रा खुशी पिता गणेन्द्र साहू ने 91.67 प्रतिशत अंक लेकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में 10वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। द्वितीय स्थान लक्ष्मीकांत भीमराज साहू 90.34 प्रतिशत, तृतीय स्थान लक्ष्मीकांत इंदलराम साहू 78 प्रतिशत ने प्राप्त किया। शाला में 12 छात्र प्रथम व 7 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य एचआर मरकाम एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेमचंद साहू, सदस्य गुलाब साहू, डोमार साहू, हरीश साहू विधायक प्रतिनिधि, बिसेलाल साहू सांसद प्रतिनिधि, शिक्षाविद गैन्दूराम ध्रुव, व्याख्याता संतोष कंवर, कुलेश्वर साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर ने उत्तीर्ण छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# सशिमं जीजामगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

■ कक्षा अरुण में देविका प्रथम रही

सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण में प्रथम देविका साहू 96.5 प्रतिशत व चेताशी साहू 96.5 प्रतिशत, द्वितीय ढावेंद्र मांडवी 96 प्रतिशत, भेव्यांशी साहू 95.5 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा उदय में डीत्या पटेल, भव्या ध्रुव, वीरा साहू प्रथम 98.5 प्रतिशत, सानवी साहू द्वितीय 98 प्रतिशत, पल्लवी तृतीय 97 प्रतिशत रही। कक्षा प्रथम में वाणी बांधे 97 प्रतिशत प्रथम, ऋषभ पटेल 97 प्रतिशत प्रथम, कुमकुम साहू 95.5 प्रतिशत द्वितीय, काव्या साहू 95 प्रतिशत तृतीय रही। कक्षा द्वितीय में दिव्यांशु ध्रुव 91.5 प्रतिशत प्रथम, फनीष साहू 90.5 प्रतिशत द्वितीय, देविका ध्रुव 90 प्रतिशत तृतीय, कक्षा तृतीय में प्रीति यादव 93.5 प्रतिशत प्रथम, लक्ष्मी साहू 91.5 प्रतिशत द्वितीय, तानिया पटेल 90.5 प्रतिशत तृतीय रही। कक्षा चतुर्थ में हार्दिक पटेल 95 प्रतिशत प्रथम, एकता पटेल 90 प्रतिशत द्वितीय, हर्षिता पाले 87.5 प्रतिशत तृतीय, कक्षा 6 में गुलशन साहू 91. 33 प्रतिशत प्रथम, तुलिका साहू 87.83 प्रतिशत द्वितीय, येणु पटेल 82.33 प्रतिशत तृतीय, कक्षा 7 में डोमन साहू 86.33 प्रतिशत प्रथम, चित्ररेखा पटेल 84.83 प्रतिशत द्वितीय, भावना साहू 84.83 प्रतिशत द्वितीय, भावना साहू 76.16 प्रतिशत तृतीय रही। कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5 वीं में प्रथम देविका साहू 92.50 प्रतिशत, द्वितीय वेदिका पटेल 92 प्रतिशत, तृतीय यशोदा साहू 90.50 प्रतिशत रही। कक्षा 8वीं में प्रथम हर्षकुमार साहू 83.83 प्रतिशत, द्वितीय आर्यन कहार 82.50 प्रतिशत, तृतीय चंदन साहू 80.33 प्रतिशत रहे।

# 10वीं में पायल, 12वीं में खिलेश्वर प्रथम



■ शाउमावि करगा में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शास. उच्च. माध्य. विद्यालय करगा में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 92.30 एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं में प्रथम पायल पिता गिरवर साहू 88.16 प्रतिशत, द्वितीय पायल पिता भूपेन्द्र 86.66 प्रतिशत, तृतीय पूजा पिता अजीत 85.66 प्रतिशत, वासनी पिता रेखराज 85.66 प्रतिशत रही। कक्षा 12 वीं में प्रथम खिलेश्वर लहरी पिता भोजराम 84.6 प्रतिशत, द्वितीय कोमल पिता तुकाराम 81.8 प्रतिशत, तृतीय पूजा पिता सीताराम 81.6 प्रतिशत रही।

प्राचार्य बीबी साहू, सावित्रीबाई साहू सरपंच, चुनेश्वर साहू उपसरपंच, हेमंत साहू, छविराम साहू, जगनाथ साहू, शिक्षक एनके साहू , एलके साहू, एसके श्रीवास, एमके साहू, श्रीमती वाय. देवांगन, श्रीमती वाय. साहू, श्रीमती आर. पाण्डेय, श्रीमती के. पटेल, श्रीमती एसडी मिश्रा, श्रीमती पीएम, श्रीमती बी. साहू, श्रीमती ए. कौशिक, एमएल साहू, श्रीमती टी. ध्रुव, धनेश ध्रुव, चैतराम साहू, शीतल साहू ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मूंग की फसल लगाकर समृद्ध हो रहे कोर्रा के किसान

■ रबी सीजन में किसानों ने खेती का ट्रेंड बदला और मूंग की खेती शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



मई का महीना चल रहा है और रबी फसल की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। वहीं चना, गेहूं फसल की कटाई अप्रैल माह में ही हो चुकी है। किसान खाली पड़े खेतों का उपयोग अतिरिक्त कमाई के लिए कर सकते हैं। इन खेतों में मूंग की खेती की जा सकती है, जो कम समय में तैयार हो जाती है। गर्मी के मौसम में उगाई जाने वाली एक मूंग ऐसी फसल है, जो 60 से 70 दिनों में तैयार हो जाती है।

कुरूद ब्लाक के कोर्रा क्षेत्र में लगभग 25 से 30 एकड़ में मूंग की खेती इस वर्ष की जा रही है। समीपस्थ जिला बालोद में अच्छी उपज होने के बाद धमतरी जिला अंतर्गत कोर्रा क्षेत्र के किसानों ने इस बार इसकी खेती में दिलचस्पी दिखाई है। गांव के लगभग 10 किसान इस खेती से जुड़ गए हैं। किसानों ने खेती का ट्रेंड बदला और इस वर्ष मूंग की खेती शुरू कर दी। इसकी खेती में कम लागत और कम मेहनत के साथ बेहतर मुनाफा होता है। बाजार में मूंग की कीमत 100 से लेकर 150 रुपए प्रति किलो है। गौरतलब है कि यहां का तापमान और मिट्टी भी मूंग की खेती के लिए उपयुक्त है। कोर्रा के किसान आशीष साहू ने बताया कि 10 एकड़ जमीन पर लगभग 35 दिनों पूर्व शिखा वैरायटी का बीज बोया था, जिसमें अब फल्ली आना शुरू हो गया है। 35 से 40 दिनों के अंदर फसल पककर तैयार हो जाएगी। फसल से समृद्धि लेने किसान कमलेश साहू 8 एकड़, दिलेश्वर साहू 6 एकड़, कोमल साहू 4 एकड़ सहित अन्य किसान जुटे हुए हैं।

# 10वीं में टिकेश और 12वीं में प्रेरणा रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य किशोर जांगड़े ने बताया कि 10वीं का परीक्षा परिणाम 51.47 प्रतिशत रहा। प्रथम टिकेश पिता कमलेश 86.5 प्रतिशत, द्वितीय जागेश्वर निषाद पिता ओमप्रकाश 78 प्रतिशत, तृतीय उमेश पिता कौशलराम 77.6 प्रतिशत रहे। 12वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। प्रथम प्रेरणा साहू पिता छबि साहू 85 प्रतिशत, द्वितीय दामिनी पिता सोहन 80 प्रतिशत, तृतीय कामिनी पिता सुरेंद्र 77 प्रतिशत रही।



छात्र- छात्राओं की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेंद्र साहू, सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, नरेश भारती, पूर्व सरपंच डोमार सिंह साहू, भोजराम साहू, श्रीराम साहू, चंदू जामरे, यादराम निषाद, पदुम साहू, प्रह्लाद निषाद, ढालेश साहू, दयालु साहू, प्राचार्य किशोर जांगड़े, व्याख्याता बृजेश देवांगन, सुशील साहू, भावना ठाकुर, यामिनी गायकवाड़ , रुक्मणि बंछोर, जितेंद्र सुकुमार, हर्षल चंद्राकर, पुनेश्वर प्रजापति, मधु सिंह, अवधराम साहू, गीतेश्वर साहू, लोकेश्वरी ध्रुव, दुर्गा सिन्हा, हेमदास मानिकपुरी ने हर्ष जताया है।

# सोरिद नाला से होकर गुजरी पाइप लाइन फूटी, पानी की आपूर्ति बाधित

### मोहल्ला में कई जगह कनेक्शन टूटे, वार्डवासी दूर से ला रहे पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के अंतिम छोर में बसे सोरिद वार्ड के रहवासियों ने महापौर, आयुक्त को बताया कि सोरिदनाला से होकर गुजरी पाइपलाइन फूट गई है। जगह-जगह टूटने के कारण पाइप के माध्यम से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है जो सीधे बीमारियों को न्योता है। चूंकि पाइपलाइन काफी पुरानी है, जिसे बदलकर रिपेयरिंग करने की जरूरत है।

वार्डवासी विनोद सिन्हा, रेखाबाई, किशोर देवांगन, प्रेमलाल सिन्हा, रामप्रसाद साहू, गणेश ध्रुव, मनोज हिरवानी, रामेश्वर सिन्हा का कहना है कि अमूमन गर्मी के दिनों में वार्ड में पानी की किल्लत होती है। नल की धार पतली हो जाती है। उपर से पाइपलाइन फूट गई है। नल कनेक्शन टूटे हुए हैं, जिसके कारण पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। लोगों को निस्तारी के लिए भटकना पड़ता है। पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से भी की गई है। लोगों ने इसकी जानकारी नगर निगम में दी। रविवार को अवकाश होने के कारण निगम कर्मचारी रिपेयरिंग के लिए नहीं आ पाया। इससे पिछले 48 घंटे से हाउसिंग पाइप से निकलने वाले पानी की मोटी धारा नाले में प्रवाहित हो रही है।

### आरएसएस प्रांत कार्यालय में सर्व समाज समन्वय महासभा की हुई बैठक

# जातिवाद की दुर्भावना का करें त्याग : प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






आरएसएस प्रांत कार्यालय जागृति मंडल पंडरी रायपुर में सर्व समाज समन्वय महासभा की बैठक अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख श्याम प्रसाद एवं प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख विश्वनाथ बोगी के आतिथ्य में हुई। श्री प्रसाद ने कहा है कि अब समय है जहां हमें जातिवाद की दुर्भावना का त्याग करना है। विश्वनाथ बोगी ने कहा कि समाज के विकास के लिए काम करना है। बैठक में प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा स्वतंत्रता व समानता प्राप्त हो, इन सभी विषयों पर चिंतन किया गया। बैठक में सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रांत अध्यक्ष प्रो डॉ. संजीव वशिष्ठ, प्रोफेसर डॉ. संजीव ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर श्रीमती लता चंद्राकर, डॉ. उदय भानसिंह, एस आर बंजारे, प्रताप मोहन्ती, प्रेमलाल सिन्हा, सुषमा पटनायक, डॉ. डी.के. मोहंती, गायत्री श्रीवास्तव, अमेरिका वर्मा, पन्नालाल सिन्हा, अरुणलता श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंग, श्रीमती कामिनी तिवारी, धमतरी प्रभारी श्रीमती ईश्वरी पटवा, हरजिंदर छाबड़ा, दिलीप पटेल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। एसआर बंजारे ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### हाहालद्दी आयरन अयस्क खदान को मिले तीन पुरस्कार

**दुर्गुकोंदल।** तहसील दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित मिवान स्टील्स लिमिटेड की लौह अयस्क खदान को 40 वां खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में 3 पुरस्कार प्राप्त हुए। शनिवार को रायपुर के होटल बेबीलॉन में 40 वें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन समारोह में मिवान स्टील्स लिमटेड की खदान को कुल 3 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसमे पब्लिसिटी प्रोपेगंडा में द्वितीय, सेफ़्टी मैनेजमेंट प्लान में द्वितीय तथा इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन में भी द्वितीय पुरस्कार मिला। कंपनी के तरफ से खान प्रबंधक सुभाष सिंह के साथ बिपिन बाजपेयी, रवींद्र भारद्वाज, आनंद पाण्डे तथा सुमित कुमार ने भाग लिया।

### इलाज के दौरान मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बुदेली निवासी 65 वर्षीय पवन कुमार मंडावी का ईलाज के दौरान डीके अस्पताल रायपुर में 15 मार्च को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

थोड़ी सी बारिश में गड्ढों में भर जाता है पानी, राहगीर समेत स्कूली छात्रों को होती है परेशानी

# मेचका थाना से रेस्ट हाउस मार्ग में जगह- जगह गड्ढे

■ गांव के युवाओं ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत मेचका (सोंढूर ) थाना से रेस्ट हाउस तक रोड में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। रख-रखाव के अभाव में डामर की परत उखड़ गई है। पानी निकासी नहीं होने के कारण इन गड्ढों पर पानी भरा हुआ हैं जब बड़े वाहनें चलते हैं तो अगल-बगल खड़े रहने वालों पर पानी की बौछार इस तरह पड़ती है कि उसके कपड़े खराब हो जाते हैं। वहीं छात्र छात्राओं को साइकिल से स्कूल आने में परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो साल से महानदी विवाद के चलते हाईकोर्ट से जज और अन्य अधिकारी निरीक्षण करने आये थे तभी गिट्टी डालकर रोड के गड्ढों को भरा गया था। अब बारिश में रोड काफी खराब और दलदल हो गया है। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क को लेकर चक्काजाम और प्रदर्शन भी किया था। सरपंच जीवन



नाग ने कहा कि गगरेल बांध और मुरूमसिल्ली बांध जाने वाला रोड अच्छा बना हुआ है। आखिर क्यों सोंढूर बांध जाने का रोड नहीं बन पा रहा है। इस रोड को अगर पीडब्ल्यूडी विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाएगा तो उस रोड का निर्माण विभाग हो जाएगा साथ ही प्रति वर्ष रिपेयरिंग कार्य होते रहेगा।

पूर्व सरपंच विमला ध्रुवा, उपसरपंच परमात्मा कुंजाम ने बताया कि कई बार विभाग के अधिकारी को रोड का निर्माण करने पंचायत स्तर पर आवेदन दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### बजट में हुआ शामिल

इस संबंध में जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आरएस साझी ने बताया कि सोंढूर बांध के रोड निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर राज्य सरकार को भेजा गया था। जिसे इस वर्ष के बजट में शामिल किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार व वार्षिक मेंटेनेंस कार्य के अनुसार गड्ढों की रिपेयरिंग की जा रही है।

### हमारे विभाग के अंडर में नहीं

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ श्री पैकरा ने बताया कि मेन रोड से अंदर सोंढूर बांध तक रोड हमारे विभाग के अंडर में नहीं आता है। अगर हमारे विभाग को हेंडओवर कर दिया जाये तो विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर बजट स्वीकृति प्रदान के लिए भेज दिया जाएगा। उसके बाद तत्काल निर्माण कार्य कराया जाएगा।

### नौका विहार को पुनः चालू किया जाए



गांव के युवाओं का कहना है कि गंगरेल बांध की तर्ज पर सोंढूर बांध को भी आकर्षक बनाया जाए। पहाड़ में विराजमान मुचकुंद ऋषि बाबा की स्थली को भी सुन्दर बनाया जाए ताकि वहीं दूर-दूर से देखने आए। पिछले 3 साल पहले नौका विहार चालू किया गया था। वह बंद पड़ा हुआ है। पर्यटक मायूस होकर लौट रहे हैं। नौका विहार नाव को पुनः चालू किया जाएं। मेन रोड का निर्माण कराया जाएगा।

### अब भाजपा सरकार से आस बंधी

भूपेंद्र नाग, रामनारायण नेताम, रवि नेताम ,संतोष ,मनीष कुमार ,गजेंद्र ,विजय ,जयत नेताम ,लोकेश साहू, हेमंत नाग, प्रकाश यादव, बिंदेश्वर, परमेश्वर, झमेश सेन, रामकुमार नेताम, दीपक ,गोलू साहू, आशीष नेताम का कहना है कि सुशासन तिहार में भी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिया गया है। पिछले वर्ष कांग्रेस की सरकार ने इस रोड की ओर ध्यान नहीं दिया। अब भाजपा सरकार से आस बंधी है।

## समर कैंप में बच्चों ने पेपर से झूमर बनाना सीखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम रत्नाबांधा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 47 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने इस आयोजन की खूब सराहना की। प्रशिक्षक भारतलाल साहू ने बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनने की शिक्षा देते हुए पेपर क्राफ्ट से झूमर बनाना सिखाया। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष गोपालराम साहू, उपाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, कार्यकारिणी सदस्य रामसेवक साहू, रामकृष्ण साहू, रामचंद्र साहू, नुमान ने सहयोग प्रदान किया। यह समर कैंप 20 मई तक चलेगा।

## भारतीय सेना की कुशलता के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ

■ भारतीय सेना पर हम सभी को गर्व है : हिंदू जागरण मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





हिन्दू जागरण मंच ने नगर के घड़ी चौक मुख्य मार्ग पर 1965 से विराजमान श्री हनुमंत लला मंदिर में भारतीय सेनाओं की कुशलता, वीरता, शौर्य पराक्रम और स्वास्थ्य की मंगल कामना तथा देश की खुशहाली के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। राकेश जैन की टीम ने देशभक्ति गीत से लोगों के हृदय में देश भक्ति का भाव जगा दिया ।

अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद साहू, कुमार सिन्हा , नामदेव साहू और उनके साथियों ने इस आयोजन में अपना कर्तव्य निभाया। श्री हनुमान मंदिर के पुजारी खेमराज, मंदिर संचालन समिति के पप्पी पंजवानी, नंदू जसवानी ने कहा कि हिन्दू जागरण मंच सनातन धर्म को मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रहा है। समाजसेवी मोहनलाल साहू, प्रांत प्रमुख हिन्दू जागरण मंच दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करना चाहिए। यह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए खतरा है। इसके लिए हम सभी को अपना कर्तव्य निभाना होगा। कोई भी देश आतंकवाद को पालकर विकास नहीं कर पाएगा। मौके पर प्रवीण साहू, पुरूषोतम निषाद, डाकेशवर साहू, प्रतीक साहू, चित्रेश साहू, गोल्डी जैन, आशीष शर्मा, सत्यम सिन्हा, तुषार साहू, कमलनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने चोरी करने वाली दो महिलाओं को दबोचा

**भानुप्रतापपुर।** महिला बाल विकास में कार्यरत स्टाफ प्रीती गुप्ता के घर में हुई चोरी के मामले में उनके घर में काम करने वाली महिला कर्मचारी ने अपनी सहेली के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने चोरी हुए आभूषण को जब्त कर लिया है, वहीं नकदी 21 हजार को दोनों महिला चोर ने खर्च होना बताया। पुलिस ने दोनो महिला चोर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी 31 वर्षीय प्रीति गुप्ता पति राहुल गुप्ता ने तीन दिन पहले रिपोर्ट लिखाया था कि 6 माह की मातृत्व अवकाश में घर पर थी। 5 मई को बालोद अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गई थी। मेरे पति अपने काम से राजनांदगांव गया था। उसी रात करीबन 12 बजे निकेश्वर जयते ने फोन के माध्यम से बताया कि शाम करीबन 6 बजे काम पर हाटल गया था। वापिस लगभग साढ़े 11 बजे घर आया तो घर अंदर रखे आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में एक जोड़ी सोने का झुमका कीमत 85 हजार रूपए, एक जोड़ी सोने की कान की बाली कीमत 12 हजार 500 रूपए एवं नकद 21 हजार रूपए 1 लाख 18 हजार 500 रूपए को किसी अज्ञात चोर ने मेरे आलमारी का लॉकर को तोड़कर चोरी कर लिया है। पीड़िता के द्वारा तीन दिन पहले अपराध दर्ज कराने के उपरांत पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू किया। शंका के आधार पर प्रार्थी के यहाँ काम करने वाली 30 वर्षीय रासो गावड़े पति रविराम गावड़े निवासी हावरकोंदल हाल भानुप्रतापपुर निवासी लालच में आकर अपनी सहेली 35 वर्षीय समोतिन बाई सलाम पति अर्जुन सलाम निवासी हामतवाही को हिरासत में लिया। दोनो आरोपियों ने पुलिस की सख्ती के दौरान चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग शराब पीने के आदी है और लालच में आकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

## साल्हेटोला पंचायत में रोजगार सहायक पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच हुई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

साल्हेटोला पंचायत में मनरेगा और अन्य शासकीय कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। मनरेगा में कार्यरत रोजगार सहायक पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर जाँच की मांग किया गया था। जांच शुरू हो गई है और सही ढंग से जाँच किया गया तो कार्रवाई होना तय है। जानकारी के अनुसार विकासखंड चारामा के अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला पंचायत में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत के रोजगार सहायक सुरेखा कश्यप पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह शासकीय योजनाओं में अनियमितता बरती गई है ओर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में चल रहे मनरेगा समेत अन्य शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। इन आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत कांकेर में लिखित शिकायत दिया गया था। शिकायत में उन्होंने रोजगार सहायक पर निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों के द्वारा लिखित में किए गए शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चारामा जनपद पंचायत द्वारा जांच टीम गठित किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि लिखित में जो शिकायत किया है, उसकी सही जांच ग्रामीणों के सामने होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जाँच कमेटी ने सही ढंग से जाँच नहीं किया और बचाव करने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही की माँग उच्च अधिकारियों से किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना के दो मामले में दो लोगों की गई जान

**कांकेर।** सड़क दुर्घटना के दो मामले में दो लोगो की जान चली गई। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बस चालक और दूसरे प्रकरण में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे छिंदपाल निवासी 25 वर्षीय सहदेव ध्रुवा पिता स्व छेरकूराम ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता छेरकू राम ध्रुवा हमारे पड़ोसी नागेश उसेण्डी के साथ घर से 11 मई को सुबह 11 बजे मोटर सायकल से मक्का का पैसा लेने के लिए कापसी गए थे और कापसी में काम निपटाने के बाद दोनो मोटर सायकल से कापसी से घर छिंदपाल वापस आ रहे थे। ग्राम दोड़देकादर पटेलपारा के पास दोपहर करीबन 2 बजें विपरीत दिशा से आ रही आरोपी बस वाहन क्रमांक सीजी 19 एफ 0450 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूवर्क बस को चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता छेरकूराम के दाए पैर, सिना, सिर में गभीर चोट आया व उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नागेश उसेण्डी के सिर, घुटना, दोनों हाथों में चोट आई है। शिकायत पर पलिस ने आरोपी बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0450 के चालक के खिलाफ धरा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## महापौर रामू रोहरा ने इतवारी बाजार का किया निरीक्षण

व्यापारियों से समस्याएं सुनीं, समाधान का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने इतवारी बाजार का दौरा कर वहां की सफाई व्यवस्था, यातायात समस्या, जल निकासी और अतिक्रमण जैसे मुद्दों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम के संबंधित अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और अतिक्रमण उन्मूलन टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।

महापौर ने बाजार में व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों ने गंदगी, कचरा उठाने में देरी, नालियों की नियमित सफाई न होने और सड़क किनारे अतिक्रमण की शिकायतें कीं। कुछ नागरिकों ने पार्किंग की कमी और यातायात जाम जैसी समस्याएं भी उठाईं। श्री रोहरा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में नियमित सफाई की जाए, जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा ।

सीएसईबी पर ग्रुप में शहरवासियों का फूटा गुस्सा, कार्रवाई की मांग

# बिजली विभाग ने शहरवासियों को साढ़े 6 घंटे के बजाय साढ़े 8 घंटे तक सताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सीएसईबी कांकेर के द्वारा मेंटनेंस पर सुबह साढ़े 9 से सायं 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद करने की सूचना

■ लापरवाह अधिकारी और ठेकेदारों पर कार्रवाई के बजाय दिया जाता है संरक्षण

का प्रकाशन करवाया गया था और आमजनता 4 बजे के बाद सप्लाई शुरू नहीं होने पर सोशल मीडिया में विभाग के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला। सीएसईबी के साथ-साथ राष्ट्रीय पार्टी के पदाधिकारियों के मौन साधने पर भी प्रतिक्रिया की गई। दो घंटे की लापरवाही बरतने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार पर कार्यवाही करने की माँग किया गया है। जानकारी के अनुसार कांकेर शहर की सुबह निर्धारित सूचना के तहत साढ़े 9 बजे बिजली सप्लाई बंद कर दिया गया था। उसके बाद आमजनता जैसे तैसे तपती गर्मी में समय इधर से उधर बैठकर काटने को मजबूर हुई। शहरवासियों को यह था कि सायं 4 बजे निर्धारित समय पर बिजली सप्लाई सामान्य हो जाएगी। सहायक अभियंता सायं सवा 4 बजे सोशल मीडिया में एक घंटे का समय और माँगते है।



### कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रही मनमानी

सीएसईबी विभाग में ठेकाप्रथा की व्यवस्था हो गई है। विभाग का अमला ठेकेदार के मजदूरों पर निर्भर रहता है। जिले में गिने चुने ठेकेदार होने के कारण ठेकेदारों पर जैसा विभाग को लगाम कसना चाहिए, नहीं कस पाते है, उनसे दोस्ती करके बैठ जाते है, जिसके चलते इस तरह की मनमानी होती रहती है। विभाग प्रमुख ने आज तक लापरवाही बरतने वाले एक भी ठेकेदार और जिम्मेदार विभाग के अमले पर कार्यवाही नहीं किया है, उसी का परिणाम है कि इस विभाग में मनमानी का खेल खुले आम चल रहा है।

## युवक के सिर पर बाटल से हमला, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की विवेचना

**कांकेर।** कुरना में बीती रात को खाना खाकर टहलने के लिए निकले दो भाइयों में से एक भाई के साथ गाँव के अन्य युवक ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर दिया। आरोपी युवक ने सिर पर बॉटल से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे कुरना निवासी 23 वर्षीय शैलेंद्र कुमार साहू पिता चंदन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि पेटिंग का काम करता हूं। 10 मई की रात करीबन 8 बजे तथा मेरा भाई डायमंड साहू अपने घर से खाना खाकर घर से



कुछ दूरी में पान ठेला के पास जाकर बैठे थे। पान ठेला बंद था, उसी समय गांव का शंभू साहू आया और मुझे गाली देने लगा। कितना समय हुआ है पूछा तो बोला कि मुझे क्यों गाली गलौज कर रहे हो। तभी आरोपी शंभू साहू कहने लगा कि तू मुझे गाली देने से मना करने वाला कौन होता कहते हुए आज तुझे जान से मार डालूंगा कहकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा। पास में पड़ी खाली बोतल से मेरे सिर पर हमला बोल दिया, जिससे मेरे सिर सिर, बांए कान में चोट लगा है। मेरा भाई डायमंड साहू ने बीच बचाव किया है। मेरा भाई बीच बचाव नहीं करता तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। आरोपी युवक की इस घटना से हम लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## खबर संक्षेप




### आमदी की कुमकुम दसवीं में अव्वल

**आमदी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में



कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्रथम कुमकुम पिता कमलेश साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय खुशी पिता नरेंद्र कुमार 86.16 प्रतिशत, तृतीय रंजना पिता रामउराम मंडावी 85 प्रतिशत रही। विद्यालय समिति के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, घनश्याम प्रसाद साहू, शिवप्रसाद साहू, शिशुपाल महमल्ला, रामचंद्र देवांगन, कृष्ण पटेल, किशोर कुंभकार, प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, चन्द्रहास साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम साहू, नंदूराम कुम्भकार, लक्ष्मीनाथ, तारिणी साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, प्रेमा साहू ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### 5वीं में दिव्यांशु, 8वीं में ईशांत प्रथम



**आमदी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में कक्षा 5वीं, 8वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 5वीं में प्रथम दिव्यांशु ढीमर पिता विरेन्द्र ढीमर 97.50 प्रतिशत, द्वितीय घनीशा पिता गणेश्वर ढीमर, संस्कार साहू पिता चुम्मन लाल 90 प्रतिशत, तृतीय सुप्रिया पिता सुरेन्द्र 89.50 प्रतिशत रही। 8वीं में प्रथम ईशांत पटेल पिता श्रवण पटेल 96.83 प्रतिशत, द्वितीय पायल साहू पिता पन्नालाल साहू 95 प्रतिशत, तृतीय सीता पिता छबिलाल 93.50 प्रतिशत रही। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र -छात्राओं को विद्यालय परिवार ने पुरस्कृत किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, घनश्याम, प्रसाद साहू, शिवप्रसाद साहू ,शिशुपाल महमल्ला, रामचंद्र देवांगन, कृष्ण पटेल, किशोर कुंभकार, प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, चन्द्रहास साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम, लोमिका साहू, नंदूराम कुम्भकार, लक्ष्मीनाथ, तारिणी साहू, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, प्रेमा साहू उपस्थित थे।

- सशिमं आमदी में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

### दसवीं में चांदनी अव्वल

**धमतरी।** मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम चांदनी मिश्रा पिता नूरेन्द्र 71.33 प्रतिशत, द्वितीय गायत्री गुप्ता पिता महादेव 70.5 प्रतिशत एवं तृतीय आरती साहू पिता राजेश ने 66.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आचार्य एवं सभी शिक्षकों ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

सिलघट एनीकट में नदी का पानी सूख रहा, दूषित जल से बीमारी फैलने की आशंका

# नगर में गहरा सकता है जल संकट, फिल्टर प्लांट में मात्र 15 दिनों के लिए पानी शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा



नगर पंचायत भखारा में एक बार फिर से जल संकट मंडराने वाला है, क्योंकि वर्तमान में फिल्टर प्लांट में मात्र 15 दिनों का सप्लाई पानी बचा हुआ है। ज्ञात हो कि सिलघट के पास खारून नदी में बने एनीकट के माध्यम से भखारा फिल्टर प्लांट में पानी पहुंचाया जाता है। लेकिन सिलघट एनीकट में नदी का पानी सूख चुका है, साथ ही नदी के समीप लगे खेतों मे किसानों द्वारा बिजली विभाग से बिना परमिशन के टुल्लू मोटर लगाकर पानी की चोरी की जा रही है। एनीकट में पानी कम मात्रा में है जो बहुत ज्यादा दूषित होने के कारण पानी फिल्टर से भी पूर्ण रूप से साफ नहीं हो पा रहा है , जिससे कुछ लोगों की तबीयत खराब होने की सूचना मिली है। अगर यही हाल रहा तो नगर में डायरिया भी फैल सकता है।

जल ही जीवन है

बीते वर्ष भी नगरवासियों ने पानी की तकलीफों का सामना किया है, अगर 15 दिनों में पानी खत्म हो गया तो प्रत्येक वार्ड में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाना असंभव सा कार्य हो जाएगा। इसके साथ ही नगरवासियों को निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ेगा क्योंकि नगर के तालाबों को पूर्व जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में खाली कराया जा चुका था।

वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद भूपेंद्र यादव ने कहा कि नगर में पानी की विकट समस्या आने वाली है। वर्तमान में फिल्टर प्लांट के पास की भूमि पर गड्ढा बनाकर पानी इकट्ठा किया गया है। मिट्टी होने के कारण पानी आधा सूख जाता है। पानी को नहर के माध्यम से वार्ड क्रमांक 1 की खदान में संग्रहित करना था जिससे अधिक मात्रा में पानी भी इकट्ठा होता और पाइप के माध्यम से फिल्टर प्लांट में सप्लाई करनी थी। वार्ड 12 के पार्षद हितेंद्र साहू ने कहा कि पानी की समस्या का निराकरण किया जाएगा।



# सार्थक स्कूल के छात्र का नेशनल सिलेक्शन ट्रायल फुटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- आयोजन में भारत देश के 20 राज्यों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सार्थक स्कूल के छात्र सत्यांशु दीप ने अपनी मेहनत, लगन और प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष फुटबॉल टीम में स्थान बनाया। सत्यांशु ने फरीदाबाद स्थित मानव रचना यूनिवर्सिटी में आयोजित मीटर द वर्ल्ड-एसकेएफ गोटिया कप नेशनल सिलेक्शन ट्रायल फुटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ जिले बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

स्पेशल ओलंपिक भारत और एसकेएफ मल्टीनेशनल कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में देश के 20 राज्यों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विशेष अतिथि अभिषेक सिंह, श्री खुर्रम, एसकेएफ कंपनी के सीएसआर प्रमुख तथा स्पेशल ओलंपिक भारत के हरप्रीत सिंह थे। छत्तीसगढ़ टीम ने ट्रायल के दौरान चार मुकाबले खेले, जिनमें एक मैच 2-0 से जीतकर तथा एक ड्रॉ करके सराहनीय प्रदर्शन किया। छग टीम में धमतरी जिले से सत्यांशु दीप के साथ रायगढ़ जिले के आशा जिंदल फाउंडेशन से अफरोज खान, नवीन सिंह, चंद्रशेखर यादव एवं अजीत सिदार शामिल हुए। इस सफलता में प्रशिक्षक मोहन आदित्य एवं स्पेशल ओलंपिक रायगढ़ टीम का योगदान रहा। वर्तमान में पूरी टीम स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के एरिया डायरेक्टर प्रमोद तिवारी एवं स्टेट स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर रवि जैन के नेतृत्व में आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों में जुटी हुई है।

सत्यांशु की उपलब्धि पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सत्यांशु ने एक कुशल खिलाड़ी की भांति खेला है। यदि इन बच्चों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो ये राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सत्यांशु की इस उपलब्धि पर समिति के संरक्षक डॉ. अनिल कुमार रावत, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती प्रभा रावत, सचिव श्रीमती स्नेहा राठौड़, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा खंडेलवाल, प्रशिक्षक श्रीमती मैथिली गोड़े, मुकेश चौधरी, देविका दीवान, काजल रजक, श्रीमती सुनैना गोड़े ने हर्ष जताया है।

# वर्तमान में योग एवं आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी




- करियर मार्गदर्शन शिविर में बच्चों को प्रशासनिक अधिकारी, साधु-संतों का मिल रहा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहदहा में 30 मई तक आयोजित है। इसका लाभ सर्व समाज के विद्यार्थी ले रहे हैं। इस शिविर में मार्गदर्शन हेतु प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सामाजिक-धार्मिक कार्यकर्ता, साधु-संतों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस सप्ताह श्रीराम मंदिर रायपुर से आए संतों ने बताया कि आधुनिक शिक्षा से आप अपना बेहतर करियर का निर्माण कर सकते हैं लेकिन इसके साथ ही योग और आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि जो विद्यार्थी 10वीं और 12वीं के टॉप टेन में स्थान बनाते हैं उनको और आगे बढ़ाने के लिए समाज द्वारा विशेष प्रोत्साहन-सम्मान दिया जाता है और आगे भी दिया जायेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वमूल्यांकन कर पूरी लगन एवं परिश्रम के साथ अपने करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर में ग्राम बानगर के रंगोली आर्ट कलाकार ने बच्चों को रंगोली बनाना सिखाया। शिविर में शिक्षक गोविंद साहू, होमेन्द्र, हरिनारायण, ठाकुरराम, गौतम साहू, संजय साहू, देवनारायण, देवेंद्र, हीरु, यादराम, लीलाराम, गोपाल, ललित, भन्नू समेत ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष, परिक्षेत्र पदाधिकारी, सदस्य व शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह जानकारी साहू समाज मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू ने दी है।

# साहू समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तहसील साहू समाज शहर धमतरी की बैठक रोहित कुमार साहू की अध्यक्षता में बांसपारा में आयोजित की गई जिसमें तहसील, परिक्षेत्र एवं वार्ड के पदाधिकारी सामाजिक समर कैंप का आयोजन अतिशीघ्र करने, नारी शिक्षा और उसके सम्मान पर बनी फिल्म ज्योतिबा बाई फुले फिल्म को देखने, आगामी जाति जनगणना में सभी सामाजिकजन अपना गोत्र ना लिखवाकर केवल साहू लिखवाने पर चर्चा की गई। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कठोर निंदा के साथ ही मारे गए पर्यटकों को मौन



श्रद्धांजलि देकर आतंकवादियों को जड़ से समाप्त करने के लिए चलाए जा रहा ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए सेना का मनोबल बढ़ाया। साथ ही झारखंड रांची में आयोजित नेशनल कराते चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ व साहू समाज का नाम रोशन करने वाले दानीटोला वार्ड निवासी ऋषभ पिता ईश्वर साहू का सम्मान किया गया।

# पीएमश्री सेजेस बठेना में बेटियों का दबदबा

- गणित संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






पीएमश्री सेजेस मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की छात्रा प्रतीक्षा पिता त्रिभुवन साहू 94.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, तुषार पिता नरेंद्र कुमार साहू 93.5 प्रतिशत द्वितीय, मौली पिता चोवाराम वर्मा 93.3 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। बारहवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम गणित संकाय में शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं में प्रथम कॉमर्स संकाय से गीतांजलि पिता इंद्रेश देवांगन 87.4 प्रतिशत, विज्ञान संकाय से कक्षा में प्रथम अहमद रजा पिता सईद चौहान 85.2 प्रतिशत, गणित संकाय से कक्षा में प्रथम फाल्गुनी पिता नोमेश साहू 84.4 प्रतिशत रही। कॉमर्स संकाय से द्वितीय श्रेया सिंग माता अमृता सिंग सेंगर 84.2 प्रतिशत, विज्ञान संकाय से द्वितीय प्रज्ञा पिता दुलेश्वर साहू 83.2 प्रतिशत, योगिता पिता शंकर वर्मा 83.2 प्रतिशत, गणित संकाय में सौम्या पिता बालेश्वर मौर्य 79 द्वितीय के साथ कक्षा में द्वितीय रही। कक्षा में तृतीय कॉमर्स संकाय से असरा खान पिता इमरान खान 84 प्रतिशत, तुलसी पिता गोपी देवांगन 84 प्रतिशत ,विज्ञान संकाय से तृतीय ख्याति पिता अनिल साहू 81.8 प्रतिशत, गणित संकाय से आयुषी पिता अरविन्द साहू 78: 6 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय रही। प्राचार्य रविंद्र साहू एवं शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
13 मई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
14 मई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

इतवारी बाजार अपडेट : केला, पत्तागोभी, मूली, भटा, कुम्हड़ा 20 रुपए

# हरी सब्जियों का रेट सामान्य होने से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मई माह में भी हरी सब्जियों की कीमत लोगों की पहुंच के अंदर है। 30-40 रुपए किलो में मनपसंद सब्जी मिलने से गरीब, मध्यम वर्ग परिवारों को राहत मिल रही है। टमाटर, लौकी, पत्तागोभी, मूली जैसी सब्जियों के दाम 10 से 15 रुपए किलो है। वहीं सब्जियों का जायका बढ़ाने वाला हरा धनिया, हरी मिर्च 30 से 40 रुपए किलो है। गर्मी में इसकी सिलबट्टा चटनी लोगों को खूब लुभा रही है।

इधर सब्जियों के रेट कम होने से सब्जी उत्पादक किसान मायूस हैं। वैसे भी गर्मी में उत्पादन प्रभावित होता है। जी-तोड़ मेहनत के बाद भी उत्पादन का सही मूल्य नहीं मिलने से किसानों को नुकसान हो रहा है। सब्जी विक्रेता गणेशिया सोनकर का कहना है कि इस साल हरी सब्जियों का बम्पर



उत्पादन हुआ है इसलिए रेट डाउन है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से खूब खरीदारी की। सब्जी व्यवसायी तोरण पटेल, जीवराखन सोनकर ने बताया कि रविवार को लौकी 10 रुपए किलो रही। टमाटर 10 से 15 रुपए किलो बिका। भटा, कुम्हड़ा, केला, पत्ता गोभी, मूली 20 रुपए किलो रहा। डोड़का 30 में तो गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, भिंडी, गोभी, तोराई, हरा धनिया, परवल, कटहल 40 रुपए किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मुनगा, मिर्च, कोचई, ढेंस, शिमला मिर्च, टिंडा 60 रुपए किलो बिका।

किराना व्यापारी विजय कोटवानी ने बताया कि इस सप्ताह आलू 25, प्याज 20, शक्कर 43, गुड़ 50, हल्दी 180-200, मिर्च 180-220, धनिया 100-140, जीरा 300, लहसुन 100-120, तेल पाउच रिफाइंड 120-130, काली मिर्च 900, सरसों 100, मेथी 100, राहरदाल 90-130, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 85, चनादेशी 65, काबूली 100-130, मटर सफेद 55, मटर हरा 80, चना दाल 85, मसूर खड़ा 75 व अंडा इस सप्ताह 70 रुपए दर्जन रहा।